हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon
And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in
**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

20 JUNE-JANJ PG-3_Layout 1 6/20/2024 10:43 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज : भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास होगा जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम



# किन्नरों के भेष में सक्रिय है गिरोह, रात के अंधेरे मे हाइवे पर हो रही लूटपाट

## कॉल गर्ल उपलब्ध कराने के नाम पर राहगीरों को ले जाते है सुनसान इलाके में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 फोरलेन पर इन दिनों लूटपाट करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। खास बात यह है कि लूटेरे किन्नरों के भेष में हाइवे पर राहगीरों को ना केवल तालिया बजाकर रोकते है, बल्कि दुआएं देने व जबरदस्ती करके पहले तो ऐसे ही रकम ऐठ लेते है, इस पर भी जब बात नहीं बनती तो सामने वाले को कॉल गर्ल से मिलवाने की बात कहकर दूर अंधेरे में ले जाते है , जहां पहले से मौजूद गिरोह के लोग भयादोहन करके लूटपाट की वारदात को अंजाम देते है।

नेशनल हाईवे में पेट्रोल पंप के आसपास किन्नरों का रूप धारण कर गिरोह के द्वारा नेशनल हाईवे में आवागमन करने वालों लोगों से लूटपाट की जा रही है। पुलिस को इसकी जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लूटपाट का शिकार हुए लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नेशनल हाईवे में पेट्रोल पंप के पास स्थित सीसीआई सीमेंट फैक्ट्री के विशाल खदान के पास किन्नर का रूप धारण कर एक गिरोह सक्रिय है जो नेशनल हाईवे में आने जाने वाले लोगों को रुकवा कर पहले तो किन्नर होने की बात कह कर ताली बजाकर एवं दुआएं देकर पैसों की मांग करते हैं। जो उनकी बातों में नहीं आते उन्हें खदान के पास कॉल गर्ल होने का प्रलोभन देते हैं। जो लोग उनके प्रलोभन में आ जाते हैं वह उन्हें खदान के पास अंधेरे स्थान पर ले जाते हैं, जहां उनके गिरोह के 10-15 अन्य लोगों के द्वारा पैसों की डिमांड की जाती है। राहगीरों के द्वारा पैसा नहीं दिए जाने पर उनसे जबरन लूटपाट की जाती है। कॉल गर्ल के प्रकरण में लुटे हुए लोग पुलिस थाना जाकर इसकी शिकायत करने की हिम्मत नहीं कर पाते जिसके चलते इस गिरोह के लोगों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात 11 बजे ग्राम पकरिया एवं दारीं टांड़ के दो युवक ढाबा से खाना खाकर वापस अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान किन्नर गिरोह के दो सदस्यों के द्वारा उन्हें रुकवा कर ताली बजाकर एवं दुआएं देने के नाम पर पैसों की मांग की गई। युवकों के द्वारा इनकार किए जाने पर दोनों किन्नर के भेष में उपस्थित लोगों ने जबरन उनके जेब से पैसे निकाल लिए। घटना से क्षुब्ध युवकों के द्वारा डायल 112 को कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। कुछ देर बाद डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां युवकों के द्वारा घटना के बारे में विस्तार से बताया गया लेकिन पुलिस के जवानों के द्वारा किन्नरों के भेष में उपस्थित लोगों से अलग से जाकर बातचीत करने के बाद बिना किसी कार्रवाई के उन्हें छोड़ दिया गया। इसी प्रकार इसके पूर्व भी कुछ युवकों को प्रलोभन देकर खदान की ओर ले जाया और उनसे लूटपाट की गई।



### की जाएगी कार्रवाई

अभी तक थाने में नेशनल हाईवे में किसी प्रकार की लूटपाट की शिकायत नहीं की गई है। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की शिकायत आने पर नियमों के तहत पहले जांच पड़ताल की जाती है। जांच पड़ताल के दौरान मामला सही पाए जाने पर आगे कार्रवाई की जाती है।

-दिनेश यादव,
थाना प्रभारी
अकलतरा

## खबर संक्षेप

### विश्व ओलम्पिक दिवस पर दौड़ का आयोजन 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला ओलम्पिक संघ जांजगीर चाम्पा का आवश्यक बैठक नेताजी चौक स्थित सुल्तानिया चेम्बर में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 23 जून को विश्व ओलम्पिक दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र चोक जांजगीर से केरा रोड हाँकी चर्च मैदान तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा जिसमे प्रथम स्थान से दसवीं स्थान अर्जित करने वाले महिला व पुरूष धावकों को प्रमाण पत्र एवं स्पेशल गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सभी खेलो के वरिष्ठ एवं वर्तमान में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कोच एवं खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारिणी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ अमर सुल्तानिया, संयोजक गोपेश्वर कहरा, अध्यक्ष हितेश यादव, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर सहित नेटबॉल संघ के राजेश राठौर, कराटे संघ के रूखमणी रानू, फेंसिंग संघ के खोलबहरा बरेठ, हैमरबॉल से अखिलेश आदित्य,राजीव सिंह, रमेश सोनवानी, बैडमिंटन संघ बृजेश अग्रवाल, फुटबॉल अमितेश राठौर, एथलेटिक्स धर्मेंद्र यादव, बास्केटबॉल सुनील साहू, हैंडबॉल गौरव कुमार, बॉलीबाल भीम प्रसाद श्रीवास,दीपक यादव, हैंडबाल अशोक साहू, एन सी सी दिनेश चतुर्वेदी, विक्की सिंह,राम कुमार सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकाी एवं कोच उपस्थित थे ।

### आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। किसी भी आपदा में जन समुदाय के सहायता उपलब्ध कराने के लिए ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

### सहायिका के पद पर भर्ती के लिए 2 जुलाई तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवाई एवं बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवई डीहपारा एवं बनारी सबरिया डेरा में सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 18 जून 2024 से 2 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्य देव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) में सीधे जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्य देव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) से संपर्क कर सकते हैं।

### प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 1 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में राज्य के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 1 जुलाई समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

## 30 जून तक करा सकते है नवीनीकरण कार्य

# जांजगीर में 23 तो सक्ती में 19 हजार से अधिक राशन कार्डों का नवीनीकरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-सक्ती




शासन द्वारा राशन कार्डो का सत्यापन व नवीनीकरण का कार्य कराया जा रहा है। बीते करीब चार माह से चल रहे इस कार्य के दौरान जांजगीर चांपा जिले में जहां अभी भी 23 हजार से अधिक राशन कार्डो का नवीनीकरण बाकी है तो सक्ती में साढ़े 19 हजार राशन कार्डो का नवीनीकरण होना शेष है। जबकि अंतिम तिथि में 10 दिन ही शेष है।

गौरतलब है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में साढ़े 5 लाख से अधिक राशन कार्डधारी है। इनमें जांजगीर चांपा जिले में राशन कार्ड धारियों की संख्या 3 लाख 53 हजार से अधिक है तो वहीं सक्ती जिले में 2 लाख 24 हजार 342 राशन कार्ड धारी है। जिन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा पात्रता के आधार पर चांवल का वितरण किया जा रहा है। बनाई गई ब्यवस्था के मुताबिक सभी कार्डधारियो को अपना राशन कार्ड नवीनीकरण कराया जाना है। ताकि ई केवायसी होने से लोगो को राशन मिलने में किसी तरह की कोई परेशानी ना उठानी पडे। इधर जो टारगेट मिला हुआ है। उसके तहत नवीनीकरण का कार्य 30 जून रविवार तक पूरा करना है, लेकिन विभागीय जानकारी के अनुसार अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में 42 हजार से अधिक राशन कार्डो का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। जांजगीर चांपा जिले में 23 हजार राशन कार्डो का नवीनीकरण नहीं हुआ है। 3 लाख 53 हजार में से 3 लाख 30 हजार कार्ड नवीनीकरण कर लिया गया है। जबकि 23 हजार का नवीनीकरण शेष है। इसी प्रकार सक्ती जिले में 2 लाख 24 हजार 342 राशन कार्ड धारियो में से 2 लाख 4 हजार से अधिक कार्ड धारियो ने अपना राशन कार्ड ई केवायसी करा लिया है। वही अभी भी 19 हजार 538 कार्ड धारी नवीनीकरण की प्रक्रिया से नही जुड पाए है। जिसके कारण राशन कार्ड धारी हितग्राहियो को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले चांवल, शक्कर एवं नमक के लाभ से वंचित होना पड सकता है। हांलाकि प्रशासन के द्वारा अभी राशन कार्ड नवीनीकरण कराने के लिए रविवार 30 जून तक का समय निर्धारित किया गया है। इनमे भी 2 शनिवार एवं 2 रविवार पड़ जा रहा है। जिसके चलते राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य भी प्रभावित हो सकता है। वही बाकी के 6 दिनो के भीतर अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में 42 हजार से अधिक राशन कार्डो का नवीनीकरण किया जाना चुनौती से कम नही है। ऊपर से बरसात का मौसम भी अब धीरे धीरे शुरू हो रहा है। जिसके कारण पीडीएस दुकानो के टेबलेट में सर्वर डाऊन एवं नेटवर्क की समस्या भी शुरू हो जाती है। जिसके चलते आने वाले दिनो में कार्ड धारियो की परेशानी बढ सक्ती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो अंतिम तिथि के पूर्व बचे 6 दिनों में जांजगीर जिले में जहां 23 हजार राशन कार्डो का नवीकरण होना है, तो सक्ती में साढ़े 19 हजार राशन कार्डो का नवीनीकरण करना है यानि इस हिसाब से देखा जाए तो प्रतिदिन जांजगीर जिले में साढे 3 हजार से अधिक कार्डो का नवीनीकरण करना है तो सक्ती में 3 हजार से अधिक राशन कार्डो का नवीनीकरण करने की चुनौती है। वहीं अंतिम 30 जून तक निर्धारित की गई है।

### जारी किए है निर्देश

जिले में 19 हजार से अधिक राशन कार्डो का नवीनीकरण किया जाना बाकी है। इसे लेकर पीडीएस दुकान संचालकों को दिशा निर्देश जारी किया गया है।

-अमृत कुजूर,
जिला खाद्य अधिकारी
सक्ती

### चल रहा कार्य

जिले में अभी 23 हजार राशन कार्डो का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। इसे देखते हुए शासन द्वारा अवधि बढ़ाई गई है। राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है।

-कौशल प्रसाद साहू,
जिला खाद्य अधिकारी
जांजगीर चांपा

# सूने मकान में सोने चांदी के जेवरात नकदी सहित 5 लाख की चोरी

## सिटी कोतवाली के शंकर नगर में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात नगदी 50 हजार सहित 5 लाख का माल पार कर दिया। घटना की पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के वार्ड क्रमांक 18 की है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 19 जून की दरमियानी रात की है। इधर धीरद्रे राठौर ने बताया की भाई की शादी होने वाली जिससे लेकर उसकी पत्नी और बच्चे रायगढ़ गए हुए है और वह बुधवार को रायपुर गया हुआ था। रायपुर से आने के बाद अपने गांव सारागांव खेती किसानी का काम देखने के लिए चला गया और रात को वही रुक गया। गुरुवार 20 जून की सुबह घर में काम करने वाली बाई जब आई तो देखा की दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था घटना फोन कर जानकारी दी । गांव से अपने मकान पहुंचा तो कमरे में समान बिखरा हुआ था वही अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर जिसकी कीमत लगभग 4.50 लाख रुपए और नगदी रकम 50 हजार रुपए लगभग 5 लाख रुपए की चोरी की गई है। चोरी करने के बाद घर के पीछे के दरवाजे से भाग निकले होंगे। सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम सायबर टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। आस पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तलाशी लेने पर 2 अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मकान का ताला तोड़ने हुए नजर आ रहे है। हालांकि पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार परा आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।



टूटा आलमारी का दरवाजा।

## खरीफ फसल की सिंचाई के लिए 5 जुलाई से मिलेगा नहरों से पानी

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा एवं रायगढ़ जिले हेतु अगामी खरीफ वर्ष 2024 हेतु सिंचाई क्षमता 02 लाख 47 हजार 400 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 10 जून की स्थिति में हसदेव बांगो बांध में कुल जल भराव क्षमता का 43.08 प्रतिशत है। समिति द्वारा विचारोपरान्त हसदेव बांगो परियोजना के अन्तर्गत हसदेव बायीं तट नहर प्रणाली एवं हसदेव दांयी तट नहर प्रणाली में खरीफ सिंचाई वर्ष 2024 हेतु 05 जुलाई से पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल भराव, खरीफ वर्ष 2024 के सिंचाई कार्यक्रम, फसल का लक्ष्य निर्धारण तथा खाद, बीज व कीटनाशक की उपलब्धता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, नहरों की मरम्मत करने, जल संसाधन विभाग के जलाशय एवं अन्य रकबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा हुई।

# गर्मी के चलते सब्जियों के दाम आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। इससे घरों का बजट गड़बड़ा गया है। लगातार गर्मी और तेज धूप से सब्जियों की पौधे झुलस गई। इससे हरी सब्जियों के भाव पखवाड़े भर में दोगुने हो गए। कुछ सब्जियों के भाव 100 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। दाम बढ़ने से हरी सब्जियां थाली से दूर हो गई है।

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी के चलते खुदरा में अदरक 160, धनिया 100, नींबू 120 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। इसके अलावा आलू, प्याज के साथ-साथ टमाटर के भाव भी आसमान छू रहे हैं। जो अभी 30 से 40 रुपए किलो से कम हैं। आलू-प्याल के बाद अब टमाटर ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। गुरूवार 20 जून को टमाटर 60 रुपए कीमत पार हो गई। लोकल आवक खत्म होने के बाद अब बैंगलुरु से टमाटर आ रहा है। इसलिए कीमत अब बढ़ गई, इसमें कुछ वैरायवटी भी है, जिसमें 40 से 50 रुपए, कुछ 50 से 60 रुपए है। दूसरी ओर आलू व प्याज के भाव भी 40 से 50 रुपए बिक रही है। कुल मिलाकर सबसे जरूरी आलू-प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से लोगों की परेशानी होने लगी है।

# मौसम ने ली अचानक करवट, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- सब्जी भाजी की फसल पर पड़ सकता है असर

गुरूवार को अचानक हुए बारिश ने लोगों को राहत को पहुंचाई है लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों के द्वारा लगाए गए सब्जी भाजी की फसल को इससे नुकसान पहुंच सकता है।

ज्ञात हो कि वैसे तो पिछले दो तीन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा था। मौसम पर का ले बादल छाने लगे थे। वहीं गुरूवार 20 जून की शाम मौसम ने करवट ली और आसमान पर छाए काले बादलों ने गरज चमक के साथ बरसना शुरू कर दिया है। रात में झमाझम बारिश हुई। इससे शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया। पूरी रात मौसम का मिजाज बदला सा रहा। जेठ के महीने में बूंदाबांदी होती रही। दूसरे दिन आसमान पर काले बादल छाए रहे और दोपहर के वक्त शहर सहित कई जगहों पर बारिश भी हुई। फिर शाम से लेकर देर रात तक रूक बूंदाबांदी होती रही। इस बेमौसम बरसात से सब्जी भाजी सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। हवा की हल्के से झोके या फिर बरसात की दो चार बूंदे टपकते ही क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। इधर जांजगीर सहित चांपा व अन्य क्षेत्रों में गुरूवार 20 जून को हुई झमाझम बारिश के चलते जहां कुछ हद तक लोगों ने राहत की सांस ली है तो वहीं उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इधर झमाझम बारिश होने के साथ शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था भी जवाब देने लग गई है।

## बजरंग दल के सदस्यों ने जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

# दलहा पहाड़ में फारेस्ट गार्ड के साथ लगाए जाएंगे सीसीटीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दलहा पहाड़ की चोटी पर बजरंग दल के द्वारा बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित कर प्रति मंगलवार को बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। घटना से आकर्षित हिंदू समाज के सदस्यों के द्वारा 19 जून को पुलिस थाने का घेराव कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा एसडीएम विक्रांत अंचल, एसडीओपी प्रदीप सोरी, तहसीलदार प्रियंका बंजारा,नायब तहसीलदार सी के साहू, थाना प्रभारी दिनेश यादव एवं वन विभाग के सहायक क्षेत्र अधिकारी विजेंद्र सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर हिंदू समाज के सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम विक्रांत अंचल ने कहा कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस अपने स्तर पर दोषियों को ढूंढने का प्रयास कर रही है। दलहा पहाड़ में स्थित केराचुआं एवं चोटी पर स्थित मंदिर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए प्रयास करें। इसके लिए केराचुंआ स्थित मंदिर प्रबंधन एवं आसपास के ग्राम वासियों के साथ बैठक आयोजित कर केराचुआं में सीसी टीवी कैमरा एवं वहां जाने वाले लोगों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज करने की बात कही गई। डबरा मठ कोटमीसोनार के महंत सर्वेश्वर दास ने कहा कि बार-बार हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के मनोज मिश्रा ने कहा कि ऐसी संवेदनशील घटनाओं के बाद हमेशा बहुत संख्यक हिंदू समाज की उदारता की परीक्षा ली जाती है। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को खोज कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक के दौरान हिंदू समाज के सदस्यों के द्वारा पुलिस विभाग से नियमित तौर पर ऐसे संवेदनशील स्थान पर गस्त किए जाने एवं दलहा पहाड़ के वन विभाग के अंतर्गत आने के चलते उक्त स्थान पर एक फॉरेस्ट गार्ड की ड्यूटी लगाए जाने की बात कही गई। बैठक को एसडीओपी प्रदीप सोरी, तहसीलदार प्रियंका बंजारा, थाना प्रभारी दिनेश यादव, सत्तू साहू, रोहित सारथी, पुरुषोत्तम नामदेव ,ईश्वर साहू सुबोध थवाईत , राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक के दौरान आगामी रविवार को पुलिस ,प्रशासन, हिंदू समाज के सदस्य, मंदिर प्रबंधन एवं आसपास के गांव के सरपंच व ग्राम वासियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



बैठक में चर्चा करते बजरंग दल व प्रशासनिक अधिकारी।

## युवक से साढ़े सात हजार की शराब जब्त

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उर्दना तिराहा के पास एक युवक को अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम दुर्गा प्रसाद जांगडे पिता गुरूचरण जांगडे उम्र 25 वर्ष निवासी ढिमरापुर थाना कोतवाली जिला का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से एक थैला के अंदर 13 नग अंग्रेजी बीयर एवं 20 नग नंबर 1 अंग्रेजी शराब, जुमला 12.050 बल्क लीटर शराब कीमती 7260 रुपए का बरामद किया गया। युवक ने अवैध बिक्री के लिए शराब परिवहन करना बतायाए आरोपित के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि पुलिस की निरंतर कार्रवाई के बावजूद शहर में शराब का अवैध व्यापार बंद होने के बजाय बढ़ता जा रहा है।

## 6 लीटर कच्ची महुआ शराब समेत एक गिरफ्तार

**फगुरम।** 6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम कुधरी का है। इस संबंध में फगुरम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 जून को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि सुनील कुमार खूँटे पिता दुजेराम खूँटे शासकीय मिडिल स्कूल कुधरी के सामने अवैध बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर ग्राम कुधरी में शा मिडिल स्कूल के सामने रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से एक नीला रंग के प्लास्टिक जरिकेन में रखा हुआ 5 लीटर एवं एक लीटर वाली पानी बाटल में भरी हुई 1 लीटर कुल 6 लीटर देशी कच्ची महुवा शराब शराब मिला। जिसे अवैध शराब के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस देने पर आरोपी के द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया ।

## खबर संक्षेप

### डॉ.बोधीराम को मिला रवींद्रनाथ टैगोर सम्मान



**जांजगीर-चांपा।** साहित्यिक एवं सामाजिक सेवा में समर्पित भारत सरकार द्वारा पंजीकृत सस्थान बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी रिहावली फतेहाबाद आगरा उत्तरप्रदेश द्वारा डा. बोधीराम साहू को हिंदी साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, शोध , समाज सेवा आदि क्षेत्रों में निरंतर योगदान पर राष्ट्रीय स्तर पर रवींद्रनाथ टैगोर गौरव सम्मान से सम्मान पत्र, साल, मेडल से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो की इन्होने साहित्य के क्षेत्र में समाज को दर्पण दिखाने का काम किया है। इस निमित्त इन्हें यह सम्मान दिया गया है। इनके अलावा ये राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातीनाम सस्थानो से लगभग 245 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर डॉ. शिवनारायण देवांगन आस, अरुण तिवारी, ,बसंत चतुर्वेदी, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, डॉ. राघवेंद्र राठौर, दिलीप साहू, जे. सी. साहू, रामरतन साहू, केशव साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**सक्ती।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा - 2 के तहत 15 अगस्त 2024 तक की अवधि तक को बंद ऋतू (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार क्लोज सीजन में जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बडे या छोटे) जो निर्मित किये गये हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2024 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10000/- रूपये जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल में 1 अप्रैल से लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, उक्त पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

### प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक- 07817222032 है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 7879304444 है।

### हसदेव के हीरो कार्यक्रम में नए ज़िला समन्वयक साहू नियुक्त




**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम में नए ज़िला समन्वयक के रूप में विनोद कुमार साहू का नियुक्ति होने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुनील कुमार साहू उपस्थित रहे एवं हसदेव के हीरो कार्यक्रम के सक्रीय स्वयं सेवकों की उपस्थिती रही जिसमें अकलतरा विकास खंड समन्वयक नरेन्द्र कश्यप एवं बम्हनीडीह विकास खंड समन्वयक तरुण कुमार साहू तथा हसदेव के हीरो कार्यक्रम के स्वयं सेवकों में अमन सोनी,प्रदीप राठौर, धनंजय निर्मकल,विशाल पटेल, गजानंद कंवर, सुरेंद्र कंवर, योगेश कंवर,दुर्गेश निषाद, पायल पटेल,प्रिया मांझी,निराली राजपूत, चेतन पटेल, खुशबूराज पटेल सहित और अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज : भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास होगा जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

#### वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी होंगे मुख्य अतिथि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास होगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे। दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर गुरूवार को कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने जिले में जिला स्तरीय योग दिवस जांजगीर के भीमा तालाब जाज्वल्यदेव द्वार के पास कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं यातायात व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते कलेक्टर एवं एसपी।

दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिले के सभी नगरीय निकाय, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के प्रमुख स्थलों जैसे-ऐतिहासिक, सार्वजनिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर, महत्वपूर्ण नदियों वाले स्थलों पर अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा।

**अमृत सरोवर स्थलों पर जाएगा योग**-कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट, ग्राम पंचायतों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लायंस स्कूल में सामूहिक योग आज

**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे से खेल मैदान में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूल के आमंत्रित विद्यार्थियों सहित लायंस क्लब शिक्षण समिति तथा लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यगण सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। इसके तहत सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, भ्रामरी व प्राणायाम जैसे विभिन्न योगासन किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के.पी. राठौर, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा सचिव लायन संतोष सोनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

**नगरपालिका परिषद चांपा**-स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा शुक्रवार 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने बताया कि दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योग साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया जाएगा जिससे व्यक्ति निरोग रह सके। उन्होंने इस मौके पर आम जनता से आयोजन में शामिल होकर योग करने का अनुरोध किया है।

**योग समिति हनुमान धारा**-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को योग समिति हनुमान धारा द्वारा नगर के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल हनुमान धारा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के सदस्य सुधीर बाजपेयी एवं महेश सेन ने बताया कि समिति द्वारा विगत अनेक वर्षो से प्रातः 6 से 7 बजे तक हनुमान धारा में सामूहिक योगाभ्यास किया जा रहा है। इसके अलावा सदस्यों द्वारा हनुमान धारा को हरा - भरा रखने के लिए यहां प्रतिदिन पौध रोपण कर इनमें पानी डालने तथा इनके संरक्षण की व्यवस्था की जा रही है। समिति के सभी 30 सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से हनुमान धारा पहुंचकर यहां सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, भ्रामरी व प्राणायाम जैसे विभिन्न योगासन किये जाएंगे। उन्होंने समिति के सदस्यों से आयोजन में अनिवार्य रूप से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार सम्मेलन आज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता आभार सम्मेलन शुक्रवार 21 जून को 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया जायेगा एवं लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक बढ़त दिलाने के लिये इस विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया जायेगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, लोकसभा के प्रभारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, सहप्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला, लोकसभा संयोजक कृष्णकांत चंद्रा, सहसंयोजक डॉ. खिलावन साहू, डॉ. दिनेश जांगड़े, जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल एवं विधानसभा प्रभारी ज्योति पटेल इस सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल के जिन मतदान केंन्द्रो में लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक बढ़त प्राप्त हुई है वहां के कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान रखा गया है तथा पूरे विधानसभा में सबसे अधिक मतों से बढ़त दिलाने वाले सभी कार्यकताओं का अभिनंदन किया जायेगा।

## उपभोक्ता आयोग ने कार के डेंट को 45 दिनों में बदलकर देने का दिया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** नई कार खरीदते समय वाहन के दरवाजे में लगे डेंट को सुधार कर देने की बात कहकर मुकर जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर ने सब डीलर को 45 दिनों के भीतर निः शुल्क में दोनों दरवाजे को बदलकर देने का फैसला सुनाया है।

स्टेशन रोड नैला निवासी खुशबू अग्रवाल पति गौरव अग्रवाल 22 दिसंबर 2023 को एम. स्क्वेयर मोटर्स अकलतरा से नई मारुति बलेनो डेल्टा ग्रे रंग सीजी 11 बीजे-8833 खरीदने गए थे। कार लेते समय ड्राइवर साइड के दोनों दरवाजे में डेंट लगा हुआ था, इस पर उन्होंने कार लेने से इंकार किया। इस पर सब डीलर अकलतरा के द्वारा बाद में ठीक करने का आश्वासन दिया जिस पर कार की डिलीवरी ले ली। परंतु कई बार शिकायत करने के बाद भी कार के डेंट को ठीक नहीं किया गया। वाहन मालिक ने इसकी शिकायत डीलर एम. स्क्वेयर मोटर्स (नेक्सा) रायगढ़ में भी लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। तब परेशान होकर ने डीलर एम. स्क्वेयर मोटर्स (नेक्सा) रायगढ़ व सब डीलर एम. स्क्वेयर मोटर्स अकलतरा के विरुद्ध जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर में शिकायत प्रस्तुत किया। जिला उपभोक्ता आयोग के जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का अवलोकन किया जिसमें पाया कि कार में डेंट कार लेने के पूर्व से था। शिकायतकर्ता ने कार लेने मना किया था और ठीक करने के आश्वासन पर ही कार की डिलीवरी ली थी। लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी सेवा में कमी की गई। इस पर आयोग ने 45 दिनों के भीतर कार के ड्राइवर साइड के दोनों दरवार्जो को निः शुल्क बदलकर देने और मासिक क्षतिपूर्ति के रूप में 5000 व वाद व्यय का 2,000 आदेश दिनांक से 45 दिनों की भीतर अदा करने का आदेश दिया है। वहीं नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदा करने का फैसला सुनाया है।

## क्षेत्र में बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत दर्जन भर गांवों में बिजली कटौती से विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान है। विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को विद्युत उपभोक्ताओं की

- केबल वायर जलने पर समय पर नहीं होता सुधार कार्य

समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। मंडल के कर्मचारी जब चाहे रात हो या दिन बिजली कटौती कर रहे हैं। उपभोक्ता रतजगा करने को मजबूर हैं।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल बम्हनीडीह अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में लगभग दर्जन भर गांव आते हैं। विद्युत उपभोक्ता सब स्टेशन बिर्रा के बिजली कर्मचारियों के रवैया से परेशान ही नहीं बल्कि तंग आ चुके हैं। बिजली व्यवस्था के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से सेवा दिया जा रहा है। परंतु ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में बिजली की बंद चालू होते रहना आम बात है। परेशानी तो तब होती है जब 33



केवी 11 केवी में समस्या आ जाती है। ख़ासकर ट्रांसफार्मरों में क्षमता से अधिक भार बढ़ने पर समय बेसमय केबल वायर जलने से सुधार समय पर नहीं हो पाता। कभी कभी रात भर बिजली बंद या जीरो हो जाता है तो रात में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा अंतर्गत बसंतपुर, देवरहा, देवरानी ,सोनादह, डभराखुर्द, सिलादेही ,मौहाडीह, गतवा, बोरसी, तालदेवरी, बनडभरा आदि गांवों के विद्युत उपभोक्ता विद्युत व्यवस्था से खासे परेशान हैं। हल्की सी हवा चलने पर या मौसम खराब होने पर या बूंदा बांदी होने पर बिजली काट दी जाती है। चाहे दिन हो या रात हो या दोपहर हो विद्युत उपभोक्ताओं को न दिन में आराम मिल पा रहा है, और ना ही रात में चैन से सो पा रहे हैं। मानो ऐसा लग रहा है कि विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के कर्मचारियों ने विद्युत उपभोक्ताओं का सुकून ही छीनकर रख लिया है। जेष्ठ माह की भीषण गर्मी में बिजली बंद रहने से कूलर पंखे विद्युत उपकरण, बोर पंप के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं को आराम नहीं मिल पा रहा है इसके साथ ही पीने नहाने के पानी के लिए दूर दराज हेड पंप बोरिंग जाना पड़ रहा है। महिलाएं दूसरे मोहल्ले के बोरिंग से पानी भरने को मजबूर हो रही है। अगर विद्युत उपभोक्ताओं की माने तो 24 घंटे में से 20 घंटे बिर्रा एवं आसपास के गांवो में बिजली कटौती किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान नजर आ रहे हैं।

**11 केवी टूटकर पिछले 24 घंटे से लेंटर पर टिकी**- विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में सब स्टेशन से फुलवारी पारा की ओर गई 11 केवी तार टूटकर पिछले 24 घंटे से लेंटर के सहारे पर टिकी हुई है, जिसकी शिकायत फुलवारी पारा के विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में किए हैं। उसके बावजूद भी 24 घंटे बीत जाने के बाद समाचार लिखे जाने तक सुधार कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण फुलवारी पारा बिर्रा के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति खास नाराजगी है। दिन प्रतिदिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याएं जस की तस्वीर बनी हुई है और बढ़ती भी जा रही है। विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी कुर्सी में बैठकर कार्यालय की सुबह बढ़ा रहे हैं। शिकायत करने के बावजूद भी सुधार कार्य करने या मेंटेनेंस करने नहीं पहुंचते हैं। 11 केवी विद्युत तार के टूटकर लेंटर के सहारे रहने पर किसी बड़ी दुर्घटना को विद्युत विभाग न्योता दे रही है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

मैं अभी छुट्टी पर हूं। वर्तमान में दूसरे सर चार्ज में है। मैं उसको बोलकर तुरंत ही ठीक करवाता हूं।

**-अंकित सोनी,**
जेई बम्हनीडीह

## नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान 43 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 14 हजार 300 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर



वाहन चालकों की जांच करती यातायात पुलिस।

वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 19 जून को विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 43 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 14 हजार 300 रुपए का समन शुल्क लिया गया। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नही चलाने एवं वाहन में प्रेशर हार्न नही लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है।

## साल का सबसे बड़ा दिन और छोटी रात आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

21 जून को सूरज के किरणें पृथ्वी पर 15 से 16 घंटे तक रहती है। इसी वजह से 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। 21 जून की रात सबसे छोटी होती हैं। 21 जून दिन की अवधि 13 घंण्टे 58 मिनट 11 सेकण्डस की होगी।

भारत के चारों दिशाओं में भीषण गर्मी पड़ रहीं है। इसी भीषण गर्मी में साल का सबसे बड़ा दिन आज है। हालांकि पूरे भारत में 25 दिसम्बर को बड़े दिन के रुप में मनाया जाता है, परंतु असलियत में 25 दिसम्बर नहीं साल का सबसे बड़ा दिन 21 जून है। 21 जून को सूरज के किरणें पृथ्वी पर 15 से 16 घंटे तक रहती है, इसी वजह से 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। 21 जून की रात सबसे छोटी होती हैं, 21 जून को सूर्य पृथ्वी के नॉर्थ पोल मतलब उत्तरी गोलार्द्ध पर होता है, सुर्य के इसी वजह से उसकी रोशनी पूरेभारत के बीचों बीच गुजरने वाली कर्क रेखा पर सीधी तौर से ज्यादा समय तक पड़ती हैं इसी खगोलिक धटना के कारण 21 जून को साल के सबसे बड़ा दिन और रात छोटी होती है। इस दिन की खास बात यह है की 21 जून को 12 बजे एक पल ऐसा भी आता है, की आपका परछाई भी साथ छोड़ने का कारण ही 21 जून के परछाई बहुत उचांई पर होता है, 21 जून के बाद रात लंबी होने लगती है, 21 सितंम्बर के के आते आते दिन रात बराबर हो जाते है। रात लंबी होने का सिलसिला शुरु हो जाता है 23 दिसम्बर तक चलती हैं। 21 जून दिन की अवधि 13 घंण्टे 58 मिनट 11 सेकण्डस- 21 जून को सुर्योदय 05:24 सूर्यास्त 07:22 बजे होगा।

### फाटक बंद होने के बाद दोनों ओर लगी रहती है वाहनों की लंबी कतार

## नैला रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित नैला रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुंबई-हावड़ा मुख्य ट्रेन रुट होने के कारण हर पंद्रह-बीस मिनट में फाटक बंद कर दिया जाता है। फाटक बंद होने के बाद यहां वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के नैला रेलवे फाटक से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इस मार्ग पर बिलासपुर कोरबा आने जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है, बावजूद इसके ओवरब्रिज निर्माण को लेकर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में रेलवे फाटक के बंद होने से वाहन



फाटक खुलने का इंतजार करते लोग।

चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों द्वारा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है बावजूद इसके वाहन चालकों समेत आम लोगों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग होने के कारण इस रूट पर बड़ी संख्या में ट्रेनों की आवाजाही होती है। इसके अलावा कोरबा से कोयला लेकर ट्रेनें भी इसी मार्ग से दूसरी प्रदेश को जाती है। इसके चलते देखे तो हर 20 मिनट के बाद फाटक बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण इस मार्ग पर वाहनों की लाइन लगी रहती है। इस मार्ग के माध्यम से प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग बिलासपुर, कोरबा, चांपा, शिवरीनारायण, अकलतरा, बलौदा सहित अन्य प्रमुख मार्गो की ओर आवाजाही करते हैं। इसके अलावा कई वाहन चालक नियमों को ताक में रखकर फाटक बंद करने के दौरान भी रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो इस के चक्कर में लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

